अमर उजाला 23/11/23

गांधी जी के जीवन के बारे में दी जानकारी

अंबाला। छावनी के जीएमएन कॉलेज में इतिहास विभाग के अंतर्गत गांधी अध्ययन केंद्र में एयर फोर्स स्कूल के विद्यार्थियों ने भ्रमण किया। इस दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों में महात्मा गांधी के दर्शन, मूल्य और उद्देश्यों को जानना रहा। इस दौरान गांधी स्टडी सेंटर के प्रभारी एवं अध्यक्ष इतिहास विभाग डॉ. धर्मवीर सैनी ने विद्यार्थियों को बताया गया कि गांधी ने अपने जीवन को अपने देश के लिए न्यौछावर कर दिया। उन्होंने जो कहा वही जीवन भर किया। अपने नियमों से ब्रिटिश साम्राज्य की जड़ें पूरी तरह हिला दी और भारत को आजादी दिलवाई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इतिहास विभाग व गांधी स्टडी सेंटर को बधाई दी। एयरफोर्स स्कूल से पीजीटी इतिहास डॉ. अनुपमा हांडा ने कहा कि इस दौरे से इतिहास विभाग के बच्चों की राष्ट्रीय आंदोलन में गांधी के योगदान को लेकर जानकारी बढ़ी है। संवाद